फैक्स

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्या:– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2022 दिनॉक: सितम्बर 10, 2022

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**जनपद मुजफ्फरनगर में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस कार्यवाही 02 शातिर ट्रासंफार्मर चोर अभियुक्त गिरफ्तार। कब्जे से 01 सेन्ट्रो कार नं0 डीएल 2 सीएई 1274(चोरी की), 01 फर्जी नम्बर प्लेट यूपी 25 वी 3090, 02 तमंचे 02 खोखा व 06 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।**

अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर चोर/लुटेरे अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री आनन्द देव मिश्र थाना कोतवाली नगर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 09.09.2022 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह मय उ0नि0 श्री ललित कुमार, उ0नि0 श्री जोगेन्द्रपाल सिंह, का0 701 हरीशपाल, का0 1370 रविन्द्र कुमार, का0 1687 राजीव कुमार, का0 386 विकास कुमार, का0 756 कैलाश कुमार, का0 677 रमेश कुमार, का0 659 मनोहर भारती का0 629 अजय तेवतिया के थाना कोतवाली नगर से रवाना होकर वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था व चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति में चौकी बुढाना मोड़ पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रहे थे। तभी मुजफ्फरनगर की तरफ सें एक सेन्ट्रो गाड़ी आती दिखाई दी। चेकिंग के क्रम में पुलिस टीम द्वारा टॉर्च की रोशनी डालते हुए गाड़ी को रुकने का इशारा किया गया तो नहीं रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए पिन्ना बाईपास की तरफ तेजी से भागने लगे। बदमाशों द्वारा किए गए फायर से पुलिस टीम बाल बाल बची। पुलिस टीम द्वारा फोन से सूचना उच्चाधिकारीयों को दी गयी तथा बदमाशों की गाड़ी का पीछा किया गया तो बदमाशों ने गाडी को पिन्ना बाईपास से बांयी तरफ जाने वाली सड़क पुख्ता पर मोड़ दिया। कुछ दूर जाकर बदमाशों की गाड़ी अनियन्त्रित होकर बांयी तरफ खेत में उतर गयी, तभी बदमाश गाड़ी छोड़कर पुनः पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगे जिससे पुलिस टीम सिखलाए गए तरीके से बाल बाल बची। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को आत्मसमर्पण हेतु चेतावनी दी गयी परन्तु बदमाशों पर चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ और लगातार फायर करते रहे। पुलिस टीम द्वारा अद्मय साहस का परिचय देते हुए बदमाशों की फायरिंग रेंज में घुसकर आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की गयी। कुछ समय पश्चात बदमाशों की तरफ से फायरिंग बंद हो जाने पर पुलिस टीम द्वारा छिपते–छिपाते नजदीक जाकर देखा तो एक बदमाश गन्ने के खेत के किनारे पेड़ की आड़ में पड़ा है जिसकी बांये पैर से खून बह रहा है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को प्राथमिक उपचार देकर नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम **अकरम पुत्र यासीन निवासी जैन नगर कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर** तथा फरार साथी का नाम **नदीम पुत्र सलीम निवासी उपरोक्त** बताया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक श्री आनन्ददेव मिश्र मय हमराहीगण के मौके पर पहुंचे तथा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु जंगल में कांबिंग की गयी। कुछ समय पश्चात प्रभारी निरीक्षय मय हमराहीगण के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लेकर मौके पर वापस आए। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से **01 सेन्ट्रो कार नं0 डीएल 2 सीएई 1274 (चोरी की), 01 फर्जी नम्बर प्लेट (यूपी 25 वी 3090), 02 तमंचा मय 06 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर** बरामद हुए जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 572/22 धारा 307 भादवि, मु0अ0सं0 573/22 धारा 420/465 भादवि बनाम अभियुक्तगण 1. अकरम व 2. नदीम उपरोक्त, मु0अ0सं0 574/22 धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम बनाम अभियुक्त अकरम उपरोक्त, मु0अ0सं0 575/22 धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम बनाम अभियुक्त नदीम उपरोक्त पंजीकृत किए गए हैं। पंजीकृत अभियोगों की विवेचना उ0नि0 श्री संजय कुमार सिंह द्वारा की जा रही है।

<u>पूछताछ का विवरणः</u>– अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि यह सेन्ट्रो गाड़ी कुछ दिन पहले हमने अपने 02 अन्य साथियों 1. जुबैर, 2. शाहरुख पुत्रगण मौहम्मद कुरैशी निवासी सरधना जनपद मेरठ के साथ मिलकर ग्राम सुजडु, मुजफ्फरनगर से चुराई थी जिस पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई है। हम चारों लोग ट्रांसफार्मर चोरी करते थे तथा मौका मिलने पर कोई भी चोरी कर लेते थे। आज भी हम ट्रांसफार्मर चोरी के लिए जा रहे थे। जुबैर व शाहरुख हमें शाहपुर की तरफ मिलते तथा चोरी करने के उपकरण भी वही दोनो लेकर आते परन्तु आपने हमें पकड़ लिया। बरामद गाड़ी सेन्ट्रो कार के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 546/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः–</u>

- अकरम पुत्र यासीन निवासी जैन नगर थाना खतौली मुजफ्फरनगर (घायल)।
- नदीम पुत्र सलीम निवासी उपरोक्त।

<u>बरामदगीः–</u>

- 02 तमंचे मय 06 खोखा व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
- 01 सेन्ट्रो कार नं0 डीएल 2 सीएई 1274 (चोरी की) मय 01 फर्जी नम्बर प्लेट (यूपी 25 वी 3090)।

<u>अभियुक्त अकरम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–</u>

- मु0अ0स0–324/15 धारा–7 सीएल एक्ट व 147,149,341,353 भादवि थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–88/20 धारा–188,269,504 भादवि थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–323/21 धारा–60 आबकारी अधिनियम थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–137/22 धारा–136 विघुत अधिनियम थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–236/22 धारा–136,137 विघुत अधिनियम थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–305/22 धारा–136,137 विघुत अधिनियम थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–309/22 धारा– 307 भादवि थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–312/22 धारा–4/25 आयुद्ध अधिनियम थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–546/22 धारा– 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0स0–568/22 धारा–2/3 गैंगस्टर अधिनियम थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।(वांछित)
- मु0अ0सं0 572/22 धारा 307 भादवि थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0 573/22 धारा 420/465 भादवि थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0 574/22 धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

<u>अभियुक्त नदीम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–</u>

- मु0अ0स0–546/22 धारा– 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0 572/22 धारा 307 भादवि थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0 573/22 धारा 420/465 भादवि थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0 575/22 धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः–</u>

- प्र0नि0 श्री आनन्द देव मिश्रा थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 श्री ललित शर्मा थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 श्री जोगेन्द्र पाल सिंह थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- का0 1248 प्रवीण कुमार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- का0 2332 रविन्द्र सिंह थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- कां0 701 हरीश पाल थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- कां० 1370 रविन्द्र सिंह थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- कां0 1687 राजीव कुमार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- का० 386 विकास कुमार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- कां0 756 कैलाश कुमार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- कां0 677 रमेश कुमार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- कां0 659 मनोहर भारती थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
- कां0 629 अजय तेवतिया थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

नोटः- गिरफ्तार/घायल अभियुक्त अकरम उपरोक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0स0-568/22 धारा-2/3 गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अपराधी है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के ट्रांसफार्मर चोर प्रवृत्ति के अपराधी हैं। अभियुक्तगण द्वारा घटना किए जाने का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्तगण को जेल भेजा जा रहा है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।